रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 05/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** सलिल का वेतन पहले 15% घटाया गया और बाद में 10% बढ़ा दिया गया। उसका अंतिम वेतन उसके शुरुआती वेतन की तुलना में कितने प्रतिशत कम था?

**Ans**
✗ 1. 10%
✓ 2. 6.5%
✗ 3. 15%
✗ 4. 1.5%

**Q.2** महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2025 का खिताब किसने जीता?

**Ans**
✗ 1. दिल्ली कैपिटल्स
✓ 2. मुंबई इंडियंस
✗ 3. चेन्नई सुपर किंग्स
✗ 4. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर


**Q.3** पहली 14 पूर्ण संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 6.5
✗ 2. 7.5
✗ 3. 5.5
✗ 4. 7

**Q.4** बख्शी जगबंधु ने ब्रिटिश भूमि राजस्व नीति के विरोध में पाइका विद्रोह का नेतृत्व किस वर्ष किया था?

**Ans**
✓ 1. 1817
✗ 2. 1717
✗ 3. 1806
✗ 4. 1785

**Q.5** दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




विभिन्न खंडों की संख्याएँ, व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। ऐसे कितने शेफ हैं जो शिक्षक भी हैं लेकिन वकील नहीं हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 5
- ✓ 3. 9
- ✗ 4. 8

**Q.6** एमएस पावरपॉइंट में स्लाइड मास्टर का उद्देश्य क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. एनिमेशन और ट्रांजिशन इन्सर्ट करना
- ✗ 2. स्लाइड को इमेज के रूप में एक्सपोर्ट करना
- ✓ 3. सभी स्लाइडों पर एकसमान फॉर्मेटिंग, फ़ॉन्ट और लेआउट लागू करना
- ✗ 4. एक साथ कई स्लाइड डिलीट करना

**Q.7** एतुत्तौके (Ettuttokai) संग्रह से निःसृत संगम संकलनों, पुरुनानरु और पदित्रप्पत्तु के प्रमुख वर्ण्य विषय क्या हैं?

**Ans**
- ✓ 1. राजाओं और उनके कार्यों का नायकत्व और प्रशस्ति
- ✗ 2. प्रकृति और परिदृश्यों का वर्णन
- ✗ 3. आध्यात्मिक और धार्मिक विषय
- ✗ 4. प्रेम और भावनात्मक अनुभव

**Q.8** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा ?

$1125 \times 45 \div 39 - 17 + 19 = ?$

**Ans**
- ✓ 1. 973
- ✗ 2. 992
- ✗ 3. 975
- ✗ 4. 379

**Q.9** आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में अनुसंधान और विकास (R&D) पर वर्तमान व्यय कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. 1.28%
- ✗ 2. 0.45%
- ✗ 3. 1.15%
- ✓ 4. 0.64%

**Q.10** निम्नलिखित में से किस देश ने 2025 में बंगाल की खाड़ी अंतर-सरकारी संगठन (BOBP-IGO) की अध्यक्षता संभाली?

**Ans**
- ✗ 1. म्यांमार
- ✗ 2. श्रीलंका
- ✓ 3. बांग्लादेश
- ✗ 4. भारत

**Q.11** चतुर्भुज ABCD में, AB = 17 cm, BC = 8 cm, CD = 9 cm, AD = 12 cm, और AC = 15 cm है। चतुर्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या है?

**Ans**
- ✔ 1. 114
- ✘ 2. 105
- ✘ 3. 121
- ✘ 4. 118

**Q.12** भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत प्रारंभ में कितने शहरों को शामिल किया गया था?

**Ans**
- ✘ 1. 150
- ✘ 2. 50
- ✔ 3. 100
- ✘ 4. 200

**Q.13** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
38 ÷ 21 + 436 × 4 − 73 = ?

**Ans**
- ✔ 1. 762
- ✘ 2. 763
- ✘ 3. 764
- ✘ 4. 761

**Q.14** एक बिस्तर का अंकित मूल्य ₹517 है, जो क्रय मूल्य से 30% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 2% है। छूट प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 24.06%
- ✘ 2. 20.36%
- ✔ 3. 21.54%
- ✘ 4. 18.57%

**Q.15** राहुल की आयु, उसकी पुत्री की आयु से तीन गुना है। अब से 8 वर्ष बाद, उसकी आयु उसकी पुत्री की आयु के दोगुने से 5 वर्ष अधिक होगी। राहुल की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 39 वर्ष
- ✘ 2. 36 वर्ष
- ✘ 3. 33 वर्ष
- ✔ 4. 30 वर्ष

**Q.16** 127 - 7 x (17 + 6) + 93 का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 62
- ✘ 2. 51
- ✘ 3. 57
- ✔ 4. 59

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
OKI 4, QLG 8, SME 12, UNC 16, ?

**Ans**
- ✘ 1. WOV 20
- ✘ 2. VOW 16
- ✔ 3. WOA 20
- ✘ 4. WOA 24

Q.18 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

701 700 697 692 685 ?

Ans
1. 673
2. 675
3. 676 ✔
4. 671

Q.19 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : LHM :: OKP : %

Ans
1. # = FDH, % = NHU
2. # = GCH, % = TPU ✔
3. # = DCV, % = NHY
4. # = UPS, % = RPV

Q.20 चंद्र सतह तापभौतिकीय प्रयोग (ChaSTE), 2025, पेलोड का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
1. चंद्रमा के वायुमंडलीय दाब को मापना
2. चंद्रमा की भूवैज्ञानिक संरचना का आकलन करना
3. चंद्रमा के चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करना
4. चंद्र रेगोलिथ के ऊर्ध्वाधर तापमान प्रोफ़ाइल को मापना ✔

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा, रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है?

Ans
1. लकड़ी का जलना ✔
2. जल का उबलना
3. कागज़ काटना
4. बर्फ पिघलना

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा घटक सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) का पार्ट नहीं है?

Ans
1. अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट (ALU)
2. रजिस्टर (Registers)
3. ग्राफ़िक कार्ड (Graphic Card) ✔
4. कंट्रोल यूनिट (CU)

Q.23 निम्नलिखित में से कौन, कानून के माध्यम से अंतरजातीय और अंतरधार्मिक विवाह को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध था?

Ans
1. सर सैयद अहमद खान
2. एनी बेसेंट
3. पंडिता रमाबाई
4. राजा राम मोहन रॉय ✔

Q.24 एक आदमी को 7 घंटे में 519 km की दूरी तय करनी है। यदि वह इस दूरी का दो-तिहाई भाग $\frac{5}{7}$ समय में तय करता है, तो शेष समय में शेष दूरी तय करने के लिए उसकी चाल (km/hr में) कितनी होनी चाहिए?

Ans
1. 86.5 ✔
2. 66.5
3. 46.5
4. 34.5

**Q.25** 2025 में, चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (Belt and Road Initiative) से बाहर निकलने वाला लैटिन अमेरिका का कौन-सा प्रथम देश बना?

**Ans**
1. चिली (Chile) ✗
2. पनामा (Panama) ✓
3. अर्जेंटीना (Argentina) ✗
4. कोलंबिया (Colombia) ✗

**Q.26** सर्वोच्च न्यायालय अनुच्छेद 32 के अंतर्गत केवल किस विशिष्ट उद्देश्य के लिए रिट जारी कर सकता है?

**Ans**
1. मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए ✓
2. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को लागू करने के लिए ✗
3. वैधानिक न्यायाधिकरणों के निर्णयों की समीक्षा करने के लिए ✗
4. राज्यों के बीच के विवादों को निपटाने के लिए ✗

**Q.27** किरन अपनी आय का 45% खर्च करती है। यदि वह ₹66,000 बचाती है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी है?

**Ans**
1. 29,700 ✗
2. 1,19,000 ✗
3. 1,20,000 ✓
4. 1,21,000 ✗

**Q.28** दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
105 97 89 81 73 ?

**Ans**
1. 58 ✗
2. 60 ✗
3. 65 ✓
4. 70 ✗

**Q.29** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 401 418 733 283 902 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**
1. 6 ✗
2. 2 ✗
3. 4 ✗
4. 3 ✓

**Q.30** लैंगिक असमानता सूचकांक (GII) 2022 में, 193 देशों में भारत ने कौन-सा स्थान हासिल किया?

**Ans**
1. 115 ✗
2. 100 ✗
3. 108 ✓
4. 122 ✗

**Join Telegram RailwayNewsRoom**

Q.31 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएं) # * £ 3 9 € # % £ 1 % £ 8 8 1 4 9 % 5 8 & 7 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 4
✘ 3. 2
✘ 4. 3

Q.32 निम्नलिखित में से किसने भारतीय और पश्चिमी दोनों शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कलकत्ता में वेदांत कॉलेज की स्थापना की थी?

Ans
✔ 1. राममोहन रॉय
✘ 2. देवेंद्रनाथ टैगोर
✘ 3. स्वामी विवेकानंद
✘ 4. ईश्वर चंद्र विद्यासागर

Q.33 उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे 73 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, गीता बाएं छोर से 16वें स्थान पर है। यदि सुनीता गीता के दाएं से 21वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से सुनीता का स्थान क्या है?

Ans
✔ 1. 37वां
✘ 2. 31वां
✘ 3. 28वां
✘ 4. 22वां

Q.34 $\frac{\sqrt[3]{5832}}{\sqrt[4]{10000}} \times \frac{5}{24} \times 78$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ 1. 17
✘ 2. 8
✘ 3. 21
✔ 4. 13

Q.35 नवंबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का पदभार ग्रहण किया?

Ans
✘ 1. अरुणीश चावला
✘ 2. मनीष सिंघल
✘ 3. तुहिन कांत पांडे
✔ 4. के संजय मूर्ति

Q.36 $(2x - 5y)^2 + (5x + 2y)^2 + (2x + 5y)(2x - 5y)$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ 1. $34x^2 - 4y^2$
✘ 2. $-33x^2 - 4y^2$
✘ 3. $-34x^2 + 4y^2$
✔ 4. $33x^2 + 4y^2$

Q.37 वरुण और आशीष मिलकर एक हॉल को 3 दिन में पेंट कर सकते हैं। वरुण अकेले इसे 7 दिन में पेंट कर सकता है। आशीष अकेले ऐसे 4 हॉल को कितने दिन में पेंट कर सकता है?

Ans
✘ 1. 5.25
✘ 2. 6.25
✔ 3. 21
✘ 4. 22

**Q.38** एक निश्चित तर्क के अनुसार 67, 74 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 13, 20 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 52, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

**Ans**

- ✗ 1. 61
- ✗ 2. 63
- ✗ 3. 57
- ✓ 4. 59

**Q.39** 2024 में शुरू किए गए डिजिटल कृषि मिशन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
इसमें एग्रीस्टैक (AgriStack) और व्यापक मृदा उर्वरता मानचित्रण जैसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (Digital Public Infrastructure) शामिल हैं।
एग्रीस्टैक का प्रबंधन पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
इस मिशन का उद्देश्य प्रमाणित डेटा के माध्यम से किसानों को ऋण और बीमा जैसी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**Ans**

- ✗ 1. 1, 2 और 3
- ✓ 2. केवल 1 और 3
- ✗ 3. केवल 2 और 3
- ✗ 4. केवल 1 और 2

**Q.40** संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट सीधे तालिका में दिए गए अनुसार दिए जाने चाहिए।

| संख्या/प्रतीक | 9 | 2 | @ | & | 3 | 7 | 5 | % | 1 | 8 | Δ | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | L | C | Z | M | D | W | A | P | R | T | F | B | K |

शर्तें:
(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाना चाहिए।
(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
5 & 3 @ 7 % 2

**Ans**

- ✗ 1. © D M Z W P ©
- ✓ 2. © M D Z W P ©
- ✗ 3. © M D Z P W ©
- ✗ 4. © M D W Z P ©

**Q.41** सुंदर बिंदु A से चलना शुरू करता है और 12 km पूर्व की ओर ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार फिर बाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**

- ✗ 1. दक्षिण में 1 km
- ✓ 2. उत्तर में 2 km
- ✗ 3. दक्षिण में 2 km
- ✗ 4. उत्तर में 1 km

| Q.42 | फरवरी 2025 में, मुथूट फाइनेंस को गोल्ड लोन मार्केट में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए भारत भर में कितनी नई शाखाएं खोलने के लिए RBI की मंजूरी मिली है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 125 |
| | ✓ 2. 115 |
| | ✗ 3. 110 |
| | ✗ 4. 120 |

| Q.43 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. LJN |
| | ✗ 2. SQU |
| | ✓ 3. POR |
| | ✗ 4. ECG |

| Q.44 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. SW - UY |
| | ✗ 2. HL - JN |
| | ✗ 3. NR - PT |
| | ✓ 4. MU - KH |

| Q.45 | P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के दाएं से गिनने पर T और S के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। Q के दाएं से गिनने पर V और Q के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। S, Q के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। U, R के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। Q के दाएं से गिनने पर Q और U के बीच कितने लोग बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 4 |
| | ✓ 2. 2 |
| | ✗ 3. 3 |
| | ✗ 4. 1 |

**Q.46** संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | 2 | @ | 9 | 5 | $ | & | 3 | % | # | 7 | + | 4 | 8 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | T | F | A | J | L | E | W | Q | D | P | R | B | U | S |

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटकों) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाना चाहिए।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

7 2 4 @ 5

Ans
✗ 1. JBBFP
✓ 2. PTBFJ
✗ 3. PBBFJ
✗ 4. JTBFP

**Q.47** दो संपूरक कोण में से बड़ा कोण छोटे कोण से 28° अधिक है। छोटा कोण (डिग्री में) कितना होगा?

**Ans**
1. 79°
2. 76°
3. 84°
4. 80°

**Q.48** A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
A ऐसे तल पर रहता है जो एक अभाज्य संख्या है। A और E जिन तलों पर रहते हैं उनका गुणनफल 3 है।
B के ऊपर केवल 2 व्यक्ति रहते हैं। F, C के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है।
D और F के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans**
1. एक
2. दो
3. चार
4. तीन

**Q.49** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 614 457 249 625 150 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से घटाया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**
1. 4
2. 2
3. 3
4. 6

**Q.50** दीवार के सहारे टिकी एक सीढ़ी, क्षैतिज ग्राउंड के साथ $\theta$ कोण बनाती है इस प्रकार कि $\tan\theta = \frac{15}{8}$ है। यदि दीवार से सीढ़ी के शीर्ष की ऊंचाई 30 m है, तो दीवार से सीढ़ी के पाद की दूरी (m में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 16
2. 18
3. 14
4. 20

**Q.51** पौधे की जड़ में कौन-सा संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक निर्गम, गैस विनिमय में बाधा उत्पन्न करेगा लेकिन जल अवशोषण पर महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं डालेगा?

**Ans**
1. उत्परिवर्तित मूलीय त्वचा (एपिबल्मा) कोशिकाएँ जिनमें रिक्तिकाएँ नहीं होती हैं
2. सुबेरिन रहित अंतश्चर्मी कोशिकाएँ
3. अधिभूपटल विरूपण के कारण मूल रोमों की अनुपस्थिति
4. वायव अंगों पर विदरित रंध्री तंत्र

**Q.52** कंप्यूटर सिस्टम में वर्चुअल मेमोरी का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

**Ans**
1. डिस्क स्पेस का उपयोग करके RAM कैपेसिटी का विस्तार करना
2. स्टोरेज के लिए कैश (CACHE) मेमोरी का विस्तार करना
3. फिजिकल स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाना
4. डेटा का बैकअप उपलब्ध कराना

| | | |
|---|---|---|
| **Q.53** | **जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक 2025 में कितने देशों का मूल्यांकन किया गया?** | |
| **Ans** | ✗ 1. 83<br>✗ 2. 73<br>✗ 3. 93<br>✓ 4. 63 | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.54** | **किसी आंकड़ा समुच्चय का बहुलक और माध्यिका क्रमशः 28.4 और 88 है। आंकड़ा समुच्चय का माध्य क्या है? (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करें।)** | |
| **Ans** | ✓ 1. 117.8<br>✗ 2. 127.7<br>✗ 3. 119.2<br>✗ 4. 114.2 | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.55** | **24° अक्षांश किस भारतीय राज्य की राजधानी के सबसे निकट से गुजरता है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. रायपुर<br>✓ 2. भोपाल<br>✗ 3. दिसपुर<br>✗ 4. पटना | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.56** | **एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका व्यास 98 cm के बराबर है।** | |
| **Ans** | ✓ 1. 30,184 $cm^2$<br>✗ 2. 39,204 $cm^2$<br>✗ 3. 29,256 $cm^2$<br>✗ 4. 33,284 $cm^2$ | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.57** | **सात व्यक्ति N, O, P, Q, R, S और T, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। T पंक्ति के एक छोर पर बैठा है। R के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में और S के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Q, O के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Q पंक्ति के छोर पर नहीं बैठा है। O और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?** | |
| **Ans** | ✗ 1. एक<br>✗ 2. एक भी नहीं<br>✗ 3. दो<br>✓ 4. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.58** | **गुप्तोत्तर काल की राजनीति में 'भुक्ति' शब्द का प्रयोग __________ के लिए किया जाता था।** | |
| **Ans** | ✗ 1. अधिकारी<br>✓ 2. प्रांत<br>✗ 3. राजा<br>✗ 4. कर | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.59** | **संघीय विवादों के संदर्भ में, सुप्रीम कोर्ट के मूल क्षेत्राधिकार और उसके रिट क्षेत्राधिकार के बीच प्रमुख अंतर क्या है?** | |
| **Ans** | ✗ 1. संघीय विवाद क्षेत्राधिकार दीवानी मामलों पर लागू होता है, जबकि रिट क्षेत्राधिकार फौजदारी मामलों पर लागू होता है।<br>✗ 2. संघीय विवाद क्षेत्राधिकार का उपयोग स्वप्रेरणा से किया जा सकता है, जबकि रिट क्षेत्राधिकार के लिए याचिका की आवश्यकता होती है।<br>✓ 3. संघीय विवाद क्षेत्राधिकार परामर्शी होता है, जबकि रिट क्षेत्राधिकार बाध्यकारी होता है।<br>✗ 4. संघीय विवाद क्षेत्राधिकार केवल सर्वोच्च न्यायालय के लिए है, जबकि रिट क्षेत्राधिकार उच्च न्यायालयों के साथ समवर्ती है। | |

**Q.60** भारत का पूर्वी तटीय मैदान किस राज्य से किस राज्य तक फैला हुआ है?

**Ans**

✗ 1. गुजरात से केरल

✗ 2. ओडिशा से कर्नाटक

✗ 3. महाराष्ट्र से आंध्र प्रदेश

✓ 4. पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु

---

**Q.61** प्रेक्षण 76, 83, 30, 11, 81, 52, 18, 34, 84, 35 और 27 की माध्यिका ज्ञात करें।

**Ans**

✓ 1. 35

✗ 2. 34

✗ 3. 52

✗ 4. 30

---

**Q.62** यदि 7.5 : 19.5 :: 16 : x, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 39.4

✓ 2. 41.6

✗ 3. 45.1

✗ 4. 41.1

---

**Q.63** किस प्रकार का अधीनस्थ न्यायालय मुख्य रूप से संपत्ति के स्वामित्व और संविदात्मक समझौतों से संबंधित विवादों का निपटान करता है?

**Ans**

✗ 1. फौजदारी न्यायालय

✗ 2. राजस्व न्यायालय

✗ 3. पारिवारिक न्यायालय

✓ 4. दीवानी न्यायालय

---

**Q.64** संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट सीधे तालिका में दिए गए अनुसार दिए जाने चाहिए।

| संख्या/प्रतीक | 8 | 9 | @ | & | 5 | 7 | 2 | % | 1 | 3 | Δ | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | L | C | Z | M | D | W | A | P | R | T | F | B | K |

शर्तें

(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूट को परस्पर बदल दिया जाना चाहिए।

(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

7 2 @ 1 3 &

**Ans**

✗ 1. M A Z R T W

✗ 2. M A Z T R W

✓ 3. W A Z R T M

✗ 4. W A R Z T M

---

**Q.65** दक्षिण भारतीय मंदिर वास्तुकला में, गर्भगृह के ऊपर निर्मित सीढ़ीनुमा या पिरामिडनुमा संरचना को क्या कहा जाता है?

**Ans**

✗ 1. अधिष्ठान (Adhisthana)

✓ 2. विमान (Vimana)

✗ 3. जगती (Jagati)

✗ 4. मंडप (Mandapa)

**Q.66** नवंबर 2024 में, डेयरी क्रांति में भारत के योगदान के महत्त्व को उजागर करने के लिए कौन-सा दिवस मनाया गया?

**Ans**
1. श्वेत क्रांति दिवस
2. दुग्ध उत्पादन दिवस
3. राष्ट्रीय डेयरी दिवस
4. राष्ट्रीय दुग्ध दिवस ✔

**Q.67** सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। F के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। F और B के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। G और D के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। D को B के ठीक ऊपर रखा गया है। G और C के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। A को E के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। D के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
1. 2
2. 1
3. 3 ✔
4. 4

**Q.68** एक धनराशि पर 16% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज और वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज के बीच का अंतर ₹797 है। वह धनराशि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. ₹31,113
2. ₹31,133 ✔
3. ₹31,137
4. ₹31,130

**Q.69** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**XBF UYC RVZ OSW ?**

**Ans**
1. LTP
2. TLP
3. TPL
4. LPT ✔

**Q.70** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?
**# : JLH :: IKG : %**

**Ans**
1. # = DEG, % = NIU
2. # = FJH, % = MHU
3. # = EGC, % = NPL ✔
4. # = FDG, % = MLG

**Q.71** निम्नलिखित में से कौन-सा विलयन, जल-अपघटन के कारण थोड़ा अम्लीय होता है?

**Ans**
1. $NH_4CH_3COO$
2. $NH_4Cl$ ✔
3. $CH_3COONa$
4. $Na_2CO_3$

Q.72 यदि द्विघात समीकरण $2x^2 + Kx + 8 = 0$ और $3x^2 + 4x + 12 = 0$ के दोनों मूल सार्व हैं, तो K का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{5}{3}$ ✗
2. $\frac{7}{2}$ ✗
3. $\frac{8}{3}$ ✓
4. $\frac{3}{2}$ ✗

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, 2024 के विधानसभा चुनावों के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री की पार्टी और निर्वाचन क्षेत्र को निरूपित करता है?

Ans
1. BJP, धनवार ✗
2. JMM, खूंटी ✗
3. JMM, बारहेट ✓
4. BJP, जमशेदपुर पूर्व ✗

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित प्रकार से FARM का संबंध CXOJ से है। उसी प्रकार, FRESH का संबंध COBPE से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RICH का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. OEZF ✗
2. OEZE ✗
3. OFZF ✗
4. OFZE ✓

Q.75 एक डीलर ₹63,000 प्रति ड्रायर की दर से दो ड्रायर बेचता है। एक पर उसे 5% का लाभ होता है और दूसरे पर उसे 30% की हानि होती है। पूरे लेन-देन में उसका हानि प्रतिशत कितना है?

Ans
1. 15% ✗
2. 16% ✓
3. 17% ✗
4. 14% ✗

Q.76 निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य की तटरेखा नहीं है?

Ans
1. आंध्र प्रदेश ✗
2. ओडिशा ✗
3. राजस्थान ✓
4. गुजरात ✗

Q.77 $\frac{3}{8} + \frac{1}{8} + \frac{5}{16} + \frac{2}{8} - 2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $-\frac{21}{16}$ ✗
2. $-\frac{23}{16}$ ✗
3. $-\frac{15}{16}$ ✓
4. $-\frac{13}{16}$ ✗

Q.78 जब 30, 15, 21 और 11 में से प्रत्येक में x जोड़ा जाता है, तो इस क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपात में होती हैं। तो, यदि 6x : y :: y : (3x-9), और y > 0 है, तो y का मान कितना होगा?

Ans
1. 18 ✔
2. 24 ✘
3. 37 ✘
4. 10 ✘

Q.79 यदि '+' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×', '×' का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

32 ÷ 14 + 16 – 8 × 4 = ?

Ans
1. 14 ✔
2. 18 ✘
3. 22 ✘
4. 16 ✘

Q.80 फरदीन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो)?

Ans
1. 15 km, दक्षिण ✘
2. 15 km, उत्तर ✔
3. 12 km, दक्षिण ✘
4. 10 km, उत्तर ✘

Q.81 यदि दो संख्याओं का अनुपात 5 : 3 है तथा उनके ल.स.प. (LCM) तथा म.स.प. (HCF) का गुणनफल 135 है, तो ल.स.प. (LCM) तथा म.स.प. (HCF) के व्युत्क्रमों का योगफल कितना होगा?

Ans
1. $\frac{16}{85}$ ✘
2. $\frac{16}{61}$ ✘
3. $\frac{16}{73}$ ✘
4. $\frac{16}{45}$ ✔

Q.82 अप्रैल 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (FTA) का कितना प्रतिशत अंतिम रूप दिया गया है, जिससे दोनों देश सौदे को पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं?

Ans
1. 95% ✘
2. 90% ✔
3. 80% ✘
4. 70% ✘

Q.83 यदि संख्या 5217643 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो बनने वाली नई संख्या में बायीं ओर से पहले अंक तथा दायीं ओर से पहले अंक का योग क्या होगा?

Ans
1. 10 ✘
2. 12 ✔
3. 13 ✘
4. 11 ✘

Q.84 तख्त-ए-बही शिलालेख किस पार्थियन शासक का उल्लेख करता है?

Ans
1. एज़ेस (Azes)
2. रुद्रदामन (Rudradaman)
3. मेनांडर (Menander)
4. गोंडोफर्नेस (Gondophernes)

Q.85 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को बदला जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : VEC :: BNW : %

Ans
1. # = XHA, % = ZKY
2. # = ZKY, % = FTS
3. # = FTS, % = XHA
4. # = DQU, % = XHA

Q.86 दो संपूरक कोण में से बड़ा कोण छोटे कोण से 50° अधिक है। छोटा कोण (डिग्री में) कितना होगा?

Ans
1. 56°
2. 67°
3. 75°
4. 65°

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा डेस्कटॉप कंप्यूटर पर सामान्यतः प्रयुक्त ऑपरेटिंग सिस्टम का उदाहरण है?

Ans
1. गूगल क्रोम (Google Chrome)
2. एडोब फोटोशॉप (Adobe Photoshop)
3. विंडोज 10 (Windows 10)
4. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Microsoft Word)

Q.88 यदि ईश्वर नाव से धारा की विपरीत दिशा में 42 घंटे में 721 km की दूरी तय करता है और उसे धारा की दिशा में इस दूरी के लिए 15 घंटे लगते हैं, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 19.25 km/hr
2. 15.45 km/hr
3. 7.38 km/hr
4. 22.48 km/hr

Q.89 एक कक्षा के 30 विद्यार्थियों ने एक परीक्षा दी। 12 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 60 है, और बाकी विद्यार्थियों का स्कोर 62 है। कक्षा का औसत स्कोर कितना है?

Ans
1. 59.2
2. 61.2
3. 62.2
4. 60.2

Q.90 भारतीय दूरसंचार क्षेत्र को किस वर्ष की दूरसंचार नीति के तहत उदारीकृत बनाया गया था?

Ans
1. 1999
2. 2002
3. 1997
4. 1994

Q.91 पाइप A एक टैंक को 18 मिनट में भर सकता है, जबकि पाइप B पूरी तरह से भरे टैंक को 20 मिनट में खाली कर सकता है। शुरू में, पाइप A को खोला जाता है और 6 मिनट के बाद पाइप B को भी खोल दिया जाता है। कितने समय (मिनटों में) में शेष टैंक पूरी तरह से भर जाएगा?

Ans
1. 107
2. 127
3. 137
4. 120 ✔

Q.92 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M + N × O ÷ P – Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
1. पिता की माता
2. माता की बहन
3. माता की माता ✔
4. पिता की बहन

Q.93 कीबोर्ड का उपयोग करके किसी डायलॉग बॉक्स या मेनू में ऑप्शन के माध्यम से नेविगेट करते समय, टैब कुंजी का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
1. प्रीवियस ऑप्शन या कंट्रोल पर वापस जाना
2. करेंटली हाइलाइट ऑप्शन को सिलेक्ट करना
3. करेंट डायलॉग बॉक्स या मेनू क्लोज करना
4. फ़ोकस को अगले उपलब्ध ऑप्शन या कंट्रोल पर मूव करना ✔

Q.94 श्रम ब्यूरो द्वारा आयोजित 6वें वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण के अनुसार भारत में कुल बेरोजगारी दर कितनी थी?

Ans
1. 5.4% ✔
2. 4.9%
3. 7.3%
4. 6.1%

Q.95 यदि x और 338 के बीच माध्यानुपात 260 है, तो x का मान कितना होगा?

Ans
1. 200 ✔
2. 198
3. 201
4. 199

Q.96 वह अवधि (वर्षों में) ज्ञात कीजिए जिसमें ₹1,200 की धनराशि 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹2,280 हो जाएगी।

Ans
1. 23.5
2. 22.5 ✔
3. 21.5
4. 24.5

Q.97 साबरमती नदी निम्नलिखित में से किस स्थान से निकलती है?

Ans
1. पश्चिमी घाट, महाराष्ट्र
2. अरावली पहाड़ियाँ, राजस्थान ✔
3. सतपुड़ा रेंज, गुजरात
4. विंध्य रेंज, मध्य प्रदेश

Q.98 सड़क प्रकाश व्यवस्था और जल निकासी जैसे सीमित नगरपालिका कार्यों वाले छोटे शहरों का प्रबंधन कौन-सा शहरी स्थानीय स्वशासन निकाय करता है?

Ans
- ✗ 1. विशेष प्रयोजन एजेंसी
- ✓ 2. टाउन एरिया समिति
- ✗ 3. पोर्ट ट्रस्ट
- ✗ 4. नगर निगम

Q.99 एक विक्रेता ने ₹1 में 7 नींबू खरीदे। 75% लाभ अर्जित करने के लिए उसे ₹1 में कितने नींबू बेचने होंगे?

Ans
- ✗ 1. 8
- ✗ 2. 6
- ✗ 3. 5
- ✓ 4. 4

Q.100 भारतीय संविधान के 97वें संशोधन अधिनियम द्वारा राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का कौन-सा अनुच्छेद जोड़ा गया?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 48 A
- ✗ 2. अनुच्छेद 39 A
- ✗ 3. अनुच्छेद 43 A
- ✓ 4. अनुच्छेद 43 B